Tittle: Godan

Author: Premchand

Release Date: 30 Nov 2020

Edition: 2.1

Language: Hindi

Devanagari text reconstituted from the roman transcription made under the direction of Professors T. Nara and K. Machida of the Institute for Study of Languages http://www.aa.tufs.ac.jp/ and Cultures of Asia and Africa at Tokyo University of Foreign Studies

Recoded: 20 Sept. 1999 to 6 Oct 1999.

Chapter one posted: 6 Oct 1999.

Updated and parahraphed: 8 Oct 1999, 17 Oct 1999.

Converted into Unicode by Sanjay on 1 May 2005.

Last updated by Sanjay on 25 May 2020.

Visit http://www.hindikosh.in for more..

होरी पर जैसे सैकड़ों जूते पड़ गये। चौधरी तो रुपए सामने जमीन पर रखकर चला गया; पर वह नीम के नीचे बैठा बड़ी देर तक पछताता रहा। वह कितना लोभी और स्वार्थी, इसका उसे आज पता चला। चौधरी ने ढाई रुपए दे दिये होते, तो वह ख़ुशी से कितना फूल उठता। अपनी चालाकी को सराहता कि बैठे-बैठाए ढाई रुपए मिल गये। ठोकर खाकर ही तो हम सावधानी के साथ पग उठाते हैं। धनिया अंदर चली गयी थी। बाहर आयी तो रुपए जमीन पर पड़े देखे, गिनकर बोली — और रुपए क्या हुए, दस न चाहिए?

होरी ने लंबा मुँह बनाकर कहा — हीरा ने पंद्रह रुपए में दे दिये, तो मैं क्या करता।

'हीरा पाँच रुपए में दे दे। हम नहीं देते इन दामों।'

'वहाँ मार-पीट हो रही थी। मैं बीच में क्या बोलता।'

होरी ने अपनी पराजय अपने मन में ही डाल ली, जैसे कोई चोरी से आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े और गिर पड़ने पर धूल झाड़ता हुआ उठ खड़ा हो कि कोई देख न ले। जीतकर आप अपनी धोखेबाजियों की डींग मार सकते हैं; जीत से सब-कुछ माफ़ है। हार की लज्जा तो पी जाने की ही वस्तु है।

'गर्मी उन्हें होती है, जो एक के दस लेते हैं। हम तो मजूर हैं। हमारी गर्मी पसीने के रास्ते बह जाती है। मुझे याद है, तुमने बैल के लिए तीस रुपए दिये थे। उसके सौ हुए। और अब सौ के दो सौ हो गये। इसी तरह तुम लोगों ने किसानों को लूट-लूटकर मजूर बना डाला और आप उनकी जमीन के मालिक बन बैठे। तीस के दो सौ! कुछ हद है। कितने दिन हुए होंगे दादा?'

होरी ने कातर कंठ से कहा — यही आठ-नौ साल हुए होंगे।

गोबर ने छाती पर हाथ रखकर कहा — नौ साल में तीस रुपए के दो सौ! एक रुपए के हिसाब से कितना होता है?

उसने जमीन पर एक ठीकरे से हिसाब लगाकर कहा — दस साल में छत्तीस रुपए होते हैं। असल मिलाकर छाछठ। उसके सत्तर रुपए ले लो। इससे बेसी मैं एक कौड़ी न दूँगा।

दातादीन ने होरी को बीच में डालकर कहा — सुनते हो होरी गोबर का फ़ैसला? मैं अपने दो सौ छोड़ के सत्तर रुपए ले लूँ, नहीं अदालत करूँ। इस तरह का व्यवहार हुआ तो कै दिन संसार चलेगा? और तुम बैठे सुन रहे हो; मगर यह समझ लो, मैं ब्राह्मण हूँ, मेरे रुपए हजम करके तुम चैन न पाओगे। मैंने ये सत्तर रुपए भी छोड़े, अदालत भी न जाऊँगा, जाओ। अगर मैं

पता नहीं। बस एक जोड़ा धोती और एक पगड़ी मेरे हाथ लगी।'

'अच्छा कमाने तो लगा, आज नहीं कल घर सँभालेगा ही। भगवान् उसे सुखी रखे। हमारे रुपए भी थोड़ा-थोड़ा देते चलो। सूद ही तो बढ़ रहा है।'

'तुम्हारी एक-एक पाई दूँगा भाभी, हाथ में पैसे आने दो। और खा ही जायेंगे, तो कोई बाहर के तो नहीं हैं, हैं तो तुम्हारे ही।'

सहुआइन ऐसी विनोद भरी चापलूसियों से निरस्त्र हो जाती थी। मुस्कराती हुई अपनी राह चली गयी।

होरी लपककर बैलों के पास पहुँच गया और उन्हें पौर में डालकर चक्कर देने लगा। सारे गाँव का यही एक खलिहान था। कहीं मँड़ाई हो रही थी, कोई अनाज ओसा रहा था, कोई गल्ला तौल रहा था। नाई, बारी, बढ़ई, लोहार, पुरोहित, भाट, भिखारी, सभी अपने-अपने जेवरें लेने के लिए जमा हो गये थे।

एक पेड़ के नीचे झिंगुरीसिंह खाट पर बैठे अपनी सवाई उगाह रहे थे। कई बनिये खड़े गल्ले का भाव-ताव कर रहे थे। सारे खलिहान में मंडी की-सी रौनक़ थी। एक खटकिन बेर और मकोय बेच रही थी और एक खोंचेवाला तेल के सेव और जलेबियाँ लिये फिर रहा था। पंडित दातादीन भी होरी से अनाज

